Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जैसलमेर में उपनिवेशन पटवारी 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *22 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जैसलमेर इकाई द्वारा आज बुधवार को कार्यवाही करते हुये चिमनाराम भाटी उपनिवेशन पटवारी, हल्का पिथैवाला, तहसील मोहनगढ़, जिला जैसलमेर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जैसलमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि भू–आवंटन एवं नामान्तकरण खोलने की एवज में चिमनाराम भाटी उपनिवेशन पटवारी, हल्का पिथैवाला, तहसील मोहनगढ़, जिला जैसलमेर द्वारा 5 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जैसलमेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री अन्नराज राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये चिमनाराम भाटी पुत्र श्री नरसिंग राम निवासी प्रभूजी भाटी की ढ़ाणी, तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर हाल उपनिवेशन पटवारी, हल्का पिथैवाला, तहसील मोहनगढ़, जिला जैसलमेर को परिवादी से **5 हजार रुपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।